बृहस्पतिवार
26 मई 2022



पृष्ठ 4

गर्मियों के लिए बेस्ट ड्रिंक, पुदीना-नींबू शरबत



पृष्ठ 5

बॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती हैं खुशबू खान



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 114
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

विद्या कामधेनु के समान है। व्यक्ति विद्या हासिल कर उसका फल कहीं भी प्राप्त कर सकता है।
चाणक्य

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# चारधाम यात्रा ने तोड़े सभी रिकॉर्ड



**●अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**
**●मौसम और अव्यवस्थाओं पर भारी पड़ी श्रद्धा**

विशेष संवाददाता

देहरादून। चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी महज 22 दिन का समय ही हुआ है लेकिन चार धाम यात्रा में इस बार उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने सारे पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। जितने श्रद्धालु पूरे यात्रा सीजन में चार धाम यात्रा के लिए आते थे उससे अधिक यात्री पहले ही महीने में चार धाम यात्रा कर चुके हैं होंगे। अब यह आंकड़ा 10 लाख के पार पहुंच गया है जो अब तक रिकॉर्ड है।

दो साल कोरोना के कारण बाधित रही चारधाम यात्रा के शुरू होने से पहले ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार की चारधाम यात्रा ऐतिहासिक होने वाली है। लेकिन यह यात्रा इतनी ऐतिहासिक भी हो सकती है इसका अंदाजा शासन-प्रशासन को भी नहीं था। यही कारण था कि प्रारंभिक दौर में सरकार द्वारा एक दिन में चार धाम जाने वाले यात्रियों की कोई संख्या तो तय ही नहीं गई थी बल्कि बिना किसी रोक-टोक यात्रा संचालित करने की घोषणा की गई थी। देखा यह गया कि हर एक धाम में क्षमता से दो गुना ज्यादा श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं का कम पड़ना लाजमी ही था। वहीं दूसरी ओर प्री मानसूनी बारिश के कारण धामों में वर्षा व बर्फबारी ने भी मुश्किलें खड़ी कर दी। लेकिन मौसम की मार भी श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई असर नहीं डाल सके। सबसे अधिक श्रद्धालु केदारधाम जाते हैं जिस दिन कपाट खुले थे 6 मई को मुख्यमंत्री धामी भी धाम में मौजूद थे और उन्होंने श्रद्धालुओं की भीड़ तथा धाम के प्रबंधन पर कहा था कि कपाट खुलने के समय हमेशा ही अधिक भीड़ रहती है लेकिन 15 दिन बाद भी केदारधाम सहित सभी धामों में जिस तरह से आस्था का सैलाब उमड़ता देखा जा रहा है वह इस बात को साबित करता है कि इसमें बहुत जल्दी कमी आने वाली नहीं है। बात अगर केदारधाम की की जाए तो धाम में 10-12 हजार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है लेकिन हर रोज यहां 18 से 20 हजार यात्री धाम पहुंच रहे हैं यह हाल तब है जब सरकार द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन आने वालों को वापस लौटाया जा रहा है अकेले केदारधाम में अब तक 3 लाख 60 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं वहीं बद्रीनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी 3 लाख 25 हजार से ऊपर पहुंच गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री जहां सीमित संख्या में ही श्रद्धालु पहुंचते थे वहां भी अब तक गंगोत्री धाम में 2 लाख 10 हजार और यमुनोत्री धाम में करीब 1 लाख 50 हजार के करीब श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। सभी धामों में अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं जो एक नया रिकॉर्ड है जबकि यात्रा अभी 5 माह से भी अधिक चलेगी।

# पुलिस पर हमला कर साथियों को छुड़ा ले गये बदमाश

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखण्ड में बदमाशों के हौंसले कितने बुलंद हो चुके है इसकी बानगी जिला हरिद्वार के रानीपुर क्षेत्र में सामने आयी है। यहां देर रात बदमाशों द्वारा अपने साथियों को छुड़ाने के लिए पुलिसकर्मियों पर ही जानलेवा हमला बोल दिया गया। जिसमें पुलिसकर्मी घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात रानीपुर कोतवाली पुलिस के दो चेतककर्मी गश्त पर थे। इस दौरान जब पुलिस के जवान शिवालिक नगर के जावेद कलस्टर क्षेत्र में पहुंचे तो वहां उन्हे कार के पास दो संदिग्ध दिखायी दिये। पुलिसकर्मियों ने जब उनसे पूछताछ की तो वह भागने का प्रयास करने लगे। इस पर दोनो पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हे घेर कर दबोचा गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान बदमाशों के दो अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गये और उन्होने पुलिस कर्मियों पर लाठी-डंडो व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बदमाशों के हमले में



दोनों पुलिसकर्मी लहुलुहान हो गये और बदमाश वहां से अपने साथियों को छुड़ा कर भाग निकले। घायल पुलिस कर्मियों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली में दी गयी। जिस पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल द्वारा घायल दोनो पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसके बाद एक पुलिसकर्मी की हालत गम्भीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल पुलिसकर्मियों के नाम कॉन्स्टेबल प्रीतपाल एवं विजयपाल बताये जा रहे है। वहीं पुलिस द्वारा फरार बदमाशों की तलाश में चैकिंग की गयी तो वह ब्रहमपुरी क्षेत्र में भी दिखायी दिये। बताया जा रहा है कि जब पुलिस बल द्वारा उन्हे पकड़ना चाहा तो वह उन पर भी पथराव कर भागने में सफल रहे।

# घुसपैठ की कोशिश कर रहे तीन आतंकी ढेर, 24 घंटे में हुआ 6 का सफाया

जम्मू । केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आज घुसपैठ की कोशिश कर रहे तीन आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें जवानों ने तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। यह जानकारी आईजी कश्मीर विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि, ढेर किए गए तीनों आतंकी लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े हुए थे।

उन्होंने कहा, इन आतंकियों की पहचान की जा रही है। आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि,सुरक्षा बलों को कुपवाड़ा के गांव जुमागुंड में आतंकियों की घुसपैठ के बारे में जानकारी मिली थी। जिसके बाद उनकी तलाशी के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया, जो बाद में मुठभेड़ में तब्दील हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, आतंकियों के पास से हथियार और गोला–बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।


इससे पहले बुधवार को भी बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर किया था। यह मुठभेड़ बारामूला जिले के क्रीरी इलाके में नजीभट चौराहे पर हुई थी। बरों के मुताबिक सुरक्षाबलों द्वारा आतंकियों की तलाश में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के समय आतंकियों ने अचानक जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरु हुई थी। इस मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी ढेर किए गए थे और एक पुलिस का जवान भी शहीद हुआ था।

# देश में पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 2,628 नए केस, 18 मरीजों की हुई मौत

नई दिल्ली । देश में कोरोना वायरस के मामलों में कई दिनों से राहत जारी है हालांकि कल के मुकाबले आज ५०४ केस ज्यादा दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, इससे पहले बुधवार को २,१२४ मामले सामने आए थे। वहीं देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर १५ हजार ४१४ रह गई है।

देश में पिछले २४ घंटे में २ हजार ६२८ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की सख्या ४,३१,४४,८१० हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के २,६२८ नए मामले सामने आए हैं। वहीं, १८ और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२४,५२५ हो गयी है। इसके अलावा देश में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १५,४१४ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटों में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ४४३ की वृद्धि दर्ज की गयी है जबकि कोविड–१९ से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय



दर ९८.७५ प्रतिशत दर्ज की गयी है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण की दैनिक दर ०.५८ प्रतिशत और साप्ताहिक दर ०.५१ प्रतिशत है। देश में अब तक कुल ४,२६,०४,८८१लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–१९ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। वहीं, देशव्यापी कोविड–१९ रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक लोगों को १९२.८२ करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर ५२.७ करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर ६२.८ लाख हो गई है। वहीं इससे बचाव के लिए टीके की कुल ११.४८ अरब डोज दी गई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# यात्रियों की मौत चिंता का विषय

चारधाम यात्रा के दौरान होने वाली श्रद्धालुओं की मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कल भी केदारनाथ धाम में चार और गंगोत्री धाम में तीन यात्रियों की मौत हो गई, सरकारी आंकड़ों के हिसाब से स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण अब तक 70 लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है जबकि गैर सरकारी आंकड़ों के हिसाब से यह संख्या कुछ ज्यादा भी हो सकती है। यात्रा के प्रारंभिक दौर में जब 23 यात्रियों की मौत का समाचार प्रकाश में आया था तब प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस पर खुद संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया गया था। तब इन मौतों को चारधाम यात्रा के कुप्रबंधन से जोड़कर देखा जा रहा था। यही कारण था कि प्रधानमंत्री कार्यालय से की गई पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा इस पर कई तरह की सफाईयां पेश की गई थी सीएम ने यह कहकर इन मौतों से पल्ला झाड़ लिया था कि चार धाम में भगदड़ से कोई मौत नहीं हुई है वहीं स्वास्थ्य महानिदेशक ने अस्पताल में किसी चारधाम यात्री की मौत न होने की बात कही गई थी। शासन-प्रशासन में सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों के इस तरह के बयान उनकी संवेदनहीनता को ही दिखाते हैं। एक तरफ उनके द्वारा यात्रियों के जानमाल की सुरक्षा की गारंटी दी जाती है वहीं दूसरी ओर इस तरह के बयान दिए जाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अगर केंद्र सरकार ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान न लिया होता, एनडीआरएफ तथा आइटीबीपी की तैनाती न की गई होती तो राज्य का शासन प्रशासन भी चौकन्ना न हुआ होता। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रा शुरू होने के एक सप्ताह बाद स्वास्थ्य गाइडलाइन जारी की गई और जब मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है तो 50 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी यात्रियों के लिए अनिवार्य रूप से मेडिकल चेकअप की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य बिगड़ने पर अब लोगों को हैली सेवाओं और एयर एंबुलेंस भी मुहैया कराई जा रही है। वही चार धाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। अब तक सबसे अधिक मौतें केदारधाम में हुई हैं यहां अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है जो कुल मौतों की संख्या के लगभग आधा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि धामों का मौसम एकदम अलग है देश के मैदानी क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को ऑक्सीजन की कमी और हाड कंपा देने वाली सर्दी को सहन करना मुश्किल हो जाता है ऐसे में अगर कोई व्यक्ति पहले से ही दमा या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो तो उसकी मुश्किलें तो स्वाभाविक तौर पर बढ़ जाती है। मुख्यमंत्री धामी ने अब ऐसे व्यक्तियों से जो कमजोर हैं तथा किसी अन्य बीमारी से ग्रसित है यात्रा पर न आने की अपील की है। चार धाम यात्रा पर आने वाले हर यात्री का स्वास्थ्य परीक्षण संभव नहीं है। ऐसे में यात्रियों की अपनी कुछ जिम्मेदारियां है कि वह अपने स्वास्थ्य का खुद भी ख्याल रखें। क्योंकि जान है तभी जहान भी है।

# उधार के पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी

देहरादून (सं)। उधार के डेढ लाख रूपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागपत निवासी मुस्तकीम चौधरी ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके गांव का रहने वाल हिमांशु पंवार ने आठ माह पहले उससे डेढ लाख रूपये मांगे थे तथा उसकी करनपुर स्थित एकेडमी में आया था। उसने उसको किसी से ब्याज पर पैसे दिलाये थे। आठ महीने से हिमांशु ना तो ब्याज दे रहा है और ना ही पैसे लौटा रहा है। जब वह फोन करता है तो उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ईनाम के लालच में गंवाये 84 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। आईडिया कम्पनी के नाम पर ईनाम का लालच देकर महिला से 84 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड बाडीगार्ड निवासी प्रकाश सिंह ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 26 मार्च को उसकी पत्नी रूचि के मोबाइल पर एक कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपना नाम विकास शर्मा बताया और कहा कि वह आईडिया कम्पनी से सुपरवाईजर बोल रहा है, आपके मोबाईल नम्बर पर 5 लाख रुपये का ईनाम रखा है और आपके नाम पर एक पल्सर बाईक भी है, जो आपके पते पर आपको भेज दी गयी है परन्तु बाईक लाने वाले का मेरठ में एक्सीडेंट हो गया है, जिसको प्राप्त करने के लिए आपको मोबाइल नम्बर पर एक लाख रुपये भेजने होंगे । उसकी पत्नी श्रीमती रुचि ने 29 अप्रैल को 22,330० रूपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये, उसके पश्चात 2 मई को 15 हजार रुपये एंव 9 मई को 22 हजार रुपये व 12-12 हजार रूपये दो बार कुल 84 हजार रूपये उसकी पत्नी श्रीमती रुचि ने गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये परन्तु उसकी पत्नी को कोई रूपया नहीं मिला और ना ही बाईक ही आयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# समस्याओं को लेकर किसान सभागार में किसानों की बैठक सम्पन्न

नगर संवाददाता

डोईवाला। गन्ने के एकमुश्त सम्पूर्ण बकाया भुगतान की मांग सहित किसानों की कई अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु आज डोईवाला गन्ना सोसायटी किसान सभागार में किसानों की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश महामंत्री गंगाधर नौटियाल विशेष रूप से उपस्थित हुए ।

किसान सभा जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक सभी किसान संगठित नहीं होंगे तब तक कोई निर्णायक लड़ाई नही लड़ सकते । हमे शीघ्र ही गन्ने के बकाया भुगतान के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर धरना या आंदोलन के जरिये लड़ाई लड़नी पड़ेगी जिसके लिए आपको हमेशा तैयार रहने की जरुरत है।



किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री गंगाधर नौटियाल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि किसान सभा देश में किसानों का सबसे बड़ा संघठन है ये किसी व्यक्ति विशेष की प्रॉपर्टी नही बल्कि लोकतांत्रिक किसान संगठन है जिसमे संगठन के सम्मेलन के माध्यम से कमेटियों का गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हमें सरकार की किसान विरोधी नीतियों का मुकाबला करना है तो संगठन को मजबूत करना पड़ेगा इसके लिए ' हर गांव किसान सभा, हर किसान किसान सभा' के नारे के साथ किसानों को सदस्य बना कर उनकी कमेटी बनाते हुए उनको संघठित किया जाये ताकि आंदोलन को निर्णायक बनाया जा सके। किसान सभा जिला संयुक्त सचिव याकूब अली ने मिल द्वारा किसानों को किस्तों में किये जा रहे भुगतान की निंदा करते हुए कहा कि किसानों ने जब मिल को अपना गन्ना सप्लाई कर दिया और मिल बन्द हुए भी एक माह से ज्यादा गुजर चुका तो मिल को चाहिए कि वह किसानों को गन्ने का सम्पूर्ण बकाया भुगतान एक मुश्त करें अन्यथा किसानों को विलम्ब से किये गए भुगतान पर ब्याज दें। उन्होंने सुसवा नदी में फैली गंदगी और सोंग नदी में सरकार द्वारा खनन नीति का विरोध करते हुए कहा कि सुसवा नदी में बहने वाला पानी एक जहरीले पदार्थ में तब्दील हो गया जिससे भयंकर बीमारी के फैलने का खतरा बना हुआ है उन्होंने सरकार से सुसवा नदी में बहने वाले गन्दे पानी की समस्या से निजात देने की मांग की और सोंग नदी में 10 वर्षों के लिए खनन स्वीकृति को किसानों के हित में रद्द करने की मांग की। बैठक को संजय पुंडीर, सरजीत सिंह, जरनैल सिंह, हरबंश सिंह, मनजीत सिंह, आदि ने भी सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे ।

# दस दरोगाओं के तबादले

संवाददाता

देहरादून। डीआईजी/एसएसपी ने दस दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर उनको तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये। आज यहां एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूडी ने दस दरोगाओं का तबादला करते हुए जयवीर सिंह को चौकी प्रभारी डाकपत्थर से चौकी प्रभारी सभावाला के पद पर भेजा। इसके साथ ही अर्जुन गुसाईं को चौकी प्रभारी मयूर विहार से चौकी प्रभारी डाकपत्थर, परवेश रावत को चौकी प्रभारी सभावाला से चौकी प्रभारी नालापानी, कमलेश कुमार गौड को चौकी प्रभारी नालापानी से चौकी प्रभारी बालावाला, विकेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी धर्मावाला से चौकी प्रभारी लालतप्पड, कविन्द्र को चौकी प्रभारी लालतप्पड से कोतवाली पटेलनगर, रजनीश सैनी को चौकी प्रभारी कुल्हाल से चौकी प्रभारी धर्मावाला, अमित को चौकी प्रभारी जोगीवाला से चौकी प्रभारी मयूर विहार व दीपक द्विवेदी को कोतवाली विकासनगर से चौकी प्रभारी जोगीवाला बनाया गया। सभी को तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार सम्भालने के आदेश दिये।

तव त्रिधातु पृथिवी उत द्यौर्वैश्वानर व्रतमग्ने सचन्त।
'त्वं भासा रोदसी आ ततन्थाजस्रेण शोचिषा शोशुचानः।।

(ऋग्वेद ७-५-४)

हे दिव्य अग्नि ! आप समस्त जगत का प्रकाश हो। सत्, रज् और तम् जो मूल प्रकृति है, उससे आपने तीनों लोकों का सृजन किया है। आप सभी जगह व्याप्त हो।

O divine fire ! You are the light of the whole world. You have created the three Lokas out of Sat, Raj and Tam which is the MOOL Prakriti (a Subtle form of nature). You are everywhere.
(Rig Veda 7-5-4)

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चकराता रोड निवासी युवती ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मुलाकात 4 महीने अंकुल तोमर निवासी देहरादून से हुई थी जिसने अपने आप को गैर शादी शुदा बताया और उससे वादा किया कि वह जल्द ही समाज के समक्ष उससे शादी करेगा उसी झासे में उसको लेकर अंकुल तोमर ने जबरन उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाये और कहा कि जब हमको शादी करनी है तो सेक्स करने में कोई दिक्कत नही है वह मना करती रही लेकिन अकुल तोमर नही माना इसने उसके साथ जरबरन बलात्कार करता रहा जब उसने अंकुल तोमर से शादी करने को कहा तो इसने मेरी मांग में सिदूर भरते हुए दो-तीन झूठे फोटो लिए और कहा इनसे काम चलाओ। दो महीने बाद उसको पता चला की वह गर्भवती है तो अंकुर तोमर ने उसको बच्चा गिरवाने की कोशिश की और कहा कि उसके जैसी 36 है सबसे शादी नहीं कर सकता। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बाइक टूरिज्म परियोजना पर पुनर्विचार की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र

नगर संवाददाता

देहरादून। वन्य जीव जंतुओं के प्राकृतिक बसेरों को उजाड़ने वाली, जंगलों में बाइक टूरिज्म परियोजना पर पुनर्विचार कर इस पर रोक लगाने हेतु संयुक्त नागरिक संगठन की ओर से मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को पत्र भेजा गया है।

पत्र के माध्यम से सचिव संयुक्त नागरिक संगठन सुशील त्यागी द्वारा कहा गया है कि कैंपा स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बाइक सवार पर्यटकों के लिए उत्तराखंड के जंगलों में बाइक टूरिज्म हेतु कंक्रीट के बाइकिंग ट्रैक सड़कें बनाने का निर्णय जनहित के विरुद्ध है। कहा गया है कि इस योजना से जंगलों के वन्य जीव जंतुओं पशु पक्षियों आदि के प्राकृतिक बसेरों आवासों के साथ-साथ पेडो के भी जीवन पर खतरा उत्पन्न होगा। बाइकों से निकलने वाले जहरीले धुएं और शांत वादियों में बाइकों की गड़गड़ाहट शोर प्रकृति के विनाश का प्रतीक ही बनेगा। वन्य जीव जंतुओं के सुखचैन को खतरा उत्पन्न होगा और इनके स्वभाविक जिंदगी जीने के अधिकार का भी उल्लंघन होगा। पत्र में मांग की गई है कि वन्यजीवों के संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु उपरोक्त योजना पर रोक लगाई जाए। कहा गया है कि बाइक सवारों से पर्यटन को प्रोत्साहन हेतु यहां पहले से ही नेशनल हाईवे चौड़ीकरण, एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड रोड का निर्माण हो रहा है और मेट्रो योजना भी गतिमान है। पर्यटकों के आनंद से ज्यादा महत्वपूर्ण वन्य जीव जंतुओ के जीने के अधिकार को संरक्षित किया जाना जरूरी है।

## राशन प्राप्त करने में वरिष्ठ नागरिकों को हो रही कठिनाईयों को दूर करने की मांग की

हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रतिनिधिमण्डल ने जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देकर बायोमीट्रिक प्रणाली के चलते वरिष्ठ नागरिकों को राशन प्राप्त करने में आ रही कठिनाईयों को दूर करने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली लागू की है। लेकिन वरिष्ठ नागरिकों के हाथ की उंगलियों के निशान न मिलने से पात्र उपभोक्ताओं को भी खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के हाथों के निशान समतल हो गए हैं। जिससे लगभग ९० प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों के परिवार सरकारी खाद्यान्न से वंचित हो रहे हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रार्थना पत्र द्वारा सत्यापन का विकल्प दिया गया है। बार-बार प्रार्थना पत्र दिया जाना उचित नहीं है। संगठन का निवेदन है कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक उपभोक्ताओं का सत्यापन बायोमेट्रिक आंखों की प्रणाली द्वारा या सत्यापन होने के बाद राशन कार्ड पर भविष्य मैं खाद्य उपलब्धता के लिए अनुमति प्रदान करने का विकल्प दिया जाए।

## मतगणना कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन

चम्पावत (आरएनएस)। उप चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। मतगणना कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान डीएम नरेंद्र सिंह अधिकारी ने बताया कि मतगणना 12 टेबल लगाई जाएंगी। बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में मतगणना कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। डीएम ने बताया कि ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती के लिए 65 कर्मचारी लगाए जाएंगे। जबकि डाक मत पत्रों की गिनती के लिए 27 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि ईवीएम की गणना 12 टेबल में होगी। हर टेबल में एक मतगणना सुपर वाइजर, एक मतगणना सहायक और एक माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना में लगे कार्मिकों को 28 मई को पहला और दो जून को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## निर्माणाधीन आरओबी की उच्चस्तरीय जांच की मांग

काशीपुर (आरएनएस)। काशीपुर डवलपमेंट फोरम (केडीएफ) ने प्रदेश के लोनिवि प्रमुख सचिव समेत केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर फ्लाईओवर के नीचे सभी रास्तों को प्राथमिकता से बनाये जाने व इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। केडीएफअध्यक्ष राजीव घई ने भेजे पत्र में कहा कि काशीपुर-मुरादाबाद-बाजपुर रोड पर वर्ष 2017 में आरओबी निर्माण शुरू किया गया था। आरोप लगाया कि कार्यदाई संस्था अपनी मनमर्जी से ठेके की शर्तो का दुरुपयोग कर कोई न कोई बहाना कर अपना लाभ प्राप्त कर रहा है। पुल की गुणवत्ता भी खराब है। पांच साल गुजरने के बाद भी फ्लाई ओवर का काम पूरा नहीं हो पाया है। व्यापार को भी नुकसान हो रहा है। बिल्डर की लापरवाही के कारण जनता बेमियादी अनशन पर बैठने को मजबूर हो गई है। उन्होंने आरओबी निर्माण की उच्चस्तरीय जांच के साथ शीघ्र फ्लाईओवर निर्माण की मांग की।

## बाल विवाह को लेकर किया जागरुक

बागेश्वर (आरएनएस)। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत अनामाया आश्रम कौसानी में कार्यक्रम आयोजित किया। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी। बाल विवाह न करने व किसी भी बालक और बालिका की विवाह की तिथि निर्धारित करने से पूर्व जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र अथवा हाई स्कूल प्रमाण पत्र देख कर ही शादी तय करने का सुझाव दिया। बाल विवाह के विभिन्न कानूनों के बारे में भी जागरूक किया। विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## पोलिंग पार्टियों को समय से बूथ तक पहुंचाएं सेक्टर मजिस्ट्रेट: डीएम

चम्पावत (आरएनएस)। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों को समय से बूथ तक पहुंचाने और वापस लाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की है। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को ब्रीफकिया। उन्होंने रिजर्व में रखी ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से मतदान से एक दिन पूर्व मतदान केंद्र का निरीक्षण करने को कहा। एसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस के सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को आपसी समंवय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के साथ पर्याप्त पुलिस फोर्स भेजा जाएगा।

# माता के जयकारों से माहौल हुआ भक्तिमय

संवाददाता

देहरादून। श्री आदर्श मन्दिर में रात्रि जागरण में माता के जयकारों व गीतों से माहौल भक्तिमय हुआ और मौजूद लोग झूम उठे।

गत रात्रि श्री आदर्श मंदिर पटेल नगर में मंदिर का व्यवस्था करने वाली श्री नर्वदेश्वर महादेव सेवा समिति व महिला संकीर्तन मंडल द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 25 मई को माँ भगवती का जागरण आयोजित किया गया। मंदिर में इस वर्ष 36 वाँ जागरण उत्सव है 36 वर्ष पूर्व मंदिर की महिला संकीर्तन मंडल की श्रीमती श्यामा बक्शी ने जनसहयोग से मंदिर में माँ भगवती की सुन्दर प्रीतमा स्थापित कर जागरण का आयोजन किया था तब से निरंतर मंदिर में 25 मई को ये आयोजन होता है। जागरण हेतु मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया। प्रात: मंदिर में स्थापित सभी प्रतिमाओं को स्नान करवा उनके नए वस्त्र अर्पित किए गए उनका श्रृंगार किया गया। डाँट मंदिर से सांय 6 बजे पवित्र जोत मंदिर में आयी। सांय 7 बजे पंडित बलराम जोशी ने समिति सदस्यों के साथ नवग्रह पूजा



कर उत्तराखंड की चार धाम यात्रा की कुशलता की प्रार्थना माँ भगवती से करी। रात्रि साढे नौ बजे कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा और उपस्थित अतिथिगणों ने जागरण की जोत प्रज्वलित करी। बालाजी जागरण पार्टी द्वारा मां का गुणगान संगीतमय सुंदर भजनों के द्वारा किया गया जिसमे सरस्वती वंदना,कलाका माँ मुझे तेरी जरूरत है,तू कितनी अच्छी है प्यारी मां, बाला जी का दरबार निराला, राम जी की सेना चली आदि मधुर भजन रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री लाल चंद शर्मा ,कुंवर जपिन्दर सिंह ,रविन्द्र आनंद,श्री बालाजी सेवा समिति से अखलेश अग्रवाल व उनके साथी पृथ्वीनाथ मंदिर से संजय गर्ग व उनके साथी बाबा बालकनाथ आयोजन समिति से महेन्द्र बाबा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व संस्थाओ को समिति द्वारा अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह के रूप में मां भगवती की स्तुति पुस्तिका भेंट कर उनका सम्मान व आभार प्रकट किया गया।

## मसूरी में युवा और महिलाओं ने आप का दामन

मसूरी। मसूरी विधानसभा के अंतर्गत सुमन नगर क्षेत्र में कई युवा और महिलाओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। बुधवार को एक कार्यक्रम के आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियां शुरू से ही स्पष्ट रही है, चाहे पंजाब की सरकार हो या दिल्ली की सरकार, आम आदमी पार्टी ने अपनी कार्यशैली पूर्ण कर कर दिखाई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस की बात तो करती है, लेकिन किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करती, जबकि पंजाब सरकार इस बात का उदाहरण है कि जैसे ही पंजाब के कैबिनेट मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, पंजाब के मुख्यमंत्री ने उन्हें तत्काल अपनी कैबिनेट से निष्कासित कर दिया।

## शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से सात दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से सात दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर दावा किया है कि शीघ्र चोरों को पकड लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन चोरों ने शहर में अपना आतंक मचा रखा है तो वहीं पुलिस उनके सामने नतमस्तक दिखायी दे रही है। सुन्दरवाला निवासी मकान सिंह ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि वह दून बिजनेस पार्क में किसी काम से आया था उसने अपनी मोटरसाईकिल पार्क में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल गायब थी तो वहीं बसंत विहार निवासी शौकीन ने भी अपनी मोटरसाईकिल चोरी का मुकदमा बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसके साथ ही सेवला खुर्द निवासी लव कुमार ने पटेलनगर व अठूरवाला निवासी राकेश सिंह नेगी ने डोईवाला कोतवाली में अपनी-अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने के मुकदमे दर्ज कराये। इसके साथ ही गुलरघाटी निवासी कुनाल वर्मा व नरदेव शास्त्री मार्ग निवासी पुनीत कम्बोज ने कोतवाली में अपनी-अपनी मोटरसाईकिल चोरी होने के मुकदमें दर्ज कराये तो वहीं प्रेंमनगर निवासी प्रणव आहूजा ने अपने घर के बाहर से एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा प्रेमनगर थाने में दर्ज कराया तथा वीरगिरवाली निवासी शुभम सूद ने राजपुर थाने में अपनी एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा दर्ज करा दिया। एक ही दिन में सात दुपहिया वाहन चोरी होने से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया तो वहीं पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वाहन बरामद कर लिये जायेंगे।

# पूर्व सैनिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जोशी ने किया निरीक्षण

संवाददाता

बनबसा। पूर्व सैनिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

आज यहां बनबसा के शहीद उत्तम चंद सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक सम्मेलन की तैयारियो को लेकर प्रदेश के सैनिक कल्याण एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों संग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री ने पूर्व सैनिकों संग आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने इस समबंध में आयोजकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम भव्य हो, इसकी चिंता हम सबको करनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिको के मत भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं और मत



प्रतिशत बढ़ाने में पूर्व सैनिकों का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने बताया कि 27 मई को बनबसा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के मैदान में पूर्व सैनिकों के सम्मेलन को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्बोधित करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, कैप्टन हरीश कापड़ी, शमशेर सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# सबकी नजर मनोनीत सीटों पर



राज्यसभा में मनोनीत श्रेणी की सात सीटें खाली हुई हैं। सुब्रह्मण्यम स्वामी, स्वपन दासगुप्ता, रूपा गांगुली, सुरेश गोपी, मैरीकॉम, नरेंद्र जाधव और छत्रपति संभाजी रिटायर हुए हैं। इनमें से चार सांसदों ने मनोनीत होने के बाद अपने को भाजपा का सदस्य घोषित कर दिया था। बाकी तीन लोग स्वतंत्र थे। माना जा रहा है कि भाजपा इस बार सभी सात सीटों पर ऐसे लोगों को मनोनीत करेगी, जो शपथ लेने के साथ ही अपने को भाजपा का सदस्य घोषित कर सकते हैं। ऐसा होगा तो मनोनीत श्रेणी के सांसदों में भाजपा के 11 सांसद हो जाएंगे। अभी बचे हुए पांच सांसदों में से पूर्व चीफजस्टिस रंजन गोगोई को छोड़ कर बाकी चार सांसदों ने अपने को भाजपा का सदस्य घोषित किया हुआ है।

सवाल है कि वे कौन सात लोग हैं, जिनको भाजपा उच्च सदन में मनोनीत करेगी। किसी को किसी नाम का अंदाजा नहीं है। पर रिटायर हुए सांसदों क्षेत्रीय समीकरण और अगले कुछ दिन में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि किस राज्य से मनोनीत श्रेणी में सांसद आएंगे। यह लगभग तय बताया जा रहा है कि एक कश्मीरी पंडित को मनोनीत किया जाएगा। अनुपम खेर मनोनीत हो सकते हैं लेकिन उनके रास्ते में एक बाधा यह है कि उनकी पत्नी किरण खेर चंडीगढ़ से पार्टी की सांसद हैं। फिर भी कश्मीर में अगले कुछ दिन में होने वाले चुनावों को देखते हुए एक नॉमिनेशन वहां से होगा।

पश्चिम बंगाल से दो लोग रिटायर हो रहे हैं और कम से कम एक नॉमिनेशन वहां से भी होगा। क्या स्वपन दासगुप्ता फिर से रिपीट होंगे? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल दौरे में सौरव गांगुली के घर खाना खाने गए थे उसके बाद से उनके नाम की भी चर्चा चल रही है। दक्षिण भारत से दो लोग रिटायर हो रहे हैं, जिनमें से स्वामी तमिलनाडु के और सुरेश गोपी केरल के हैं। अभी कर्नाटक और तेलंगाना में चुनाव होने वाले हैं। सो, इन दोनों राज्यों में से कोई एक सदस्य मनोनीत होगा और कम से कम एक सदस्य महाराष्ट्र से उच्च सदन में जाने की संभावना है।

# एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत

कांग्रेस में कूलिंग ऑफ पीरियड का नियम लागू होने के साथ साथ एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत भी लागू होगा। इस नियम से ज्यादा तो नहीं पर दो नेताओं के लिए मुश्किल होगी। रणदीप सुरजेवाला पार्टी महासचिव के नाते कर्नाटक के प्रभारी हैं और कांग्रेस के मीडिया प्रभारी भी हैं। उनका मीडिया प्रभारी का पद पांच साल के बाद कूलिंग ऑफपीरियड लागू होने के नियम के तहत भी आता है। इसलिए भी कहा जा रहा है कि वे कूलिंग ऑफया एक व्यक्ति एक पद के नियम के तहत मीडिया प्रभारी का पद छोड़ेंगे। उनके करीबी भी मान रहे हैं कि इससे उनके ऊपर से फोकस हटेगा। अभी मीडिया में ज्यादा दिखने की वजह से पार्टी के बहुत से नेता उनके पीछे पड़े हैं।

एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के नियम का दूसरा शिकार अधीर रंजन चौधरी होंगे। वे लोकसभा में कांग्रेस के नेता हैं और पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष हैं। कांग्रेस उनकी कमान में इस साल का विधानसभा चुनाव लड़ी थी और एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हुई थी। तब से उनको हटाने की चर्चा चल रही है। लेकिन वे दोनों पदों पर बने हुए हैं। नव संकल्प शिविर के बाद उनके एक पद छोडऩे की चर्चा तेज हो गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस उनसे कौन सा पद लेती है। पार्टी के कई नेता चाह रहे हैं कि अच्छी हिंदी बोलने वाले किसी नेता को लोकसभा में पार्टी का नेता बनाया जाए। अगर इस सुझाव पर अमल होता है तो उनको पश्चिम बंगाल का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा जाएगा। दूसरी ओर अगर कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी से तालमेल करने या उनको साथ लाने पर विचार करती है तो अधीर चौधरी को बंगाल से हटाना होगा क्योंकि उनके रहते ममता तालमेल नहीं करेंगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# गर्मियों के लिए बेस्ट ड्रिंक, पुदीना-नींबू शरबत



गर्मियों का समय आ चुका हैं जिसमें बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थ का सेवन किया जाना चाहिए जिससे सेहत बनी रहे। गर्मियों के दिनों में सभी को ऐसे पेय पदार्थ की जरूरत होती हैं जो शरीर को ठंडक देने के साथ ही ताजगी प्रदान करें। ऐसे में आज इस कड़ी में हम आपके लिए पुदीना-नींबू शरबत बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं जो गर्मियों के लिए बेस्ट ड्रिंक साबित होगी। तो आइये जानते हैं इसकी रेसिपी के बारे में...

आवश्यक सामग्री
पुदीना पत्ती - 25-30
नींबू - 4
चीनी - 3/4 कप
जीरा पाउडर - 1 टेबलस्पून
आइस क्यूब्स - 5-6
पानी - 4 गिलास

बनाने की विधि

देसी कोल्ड ड्रिंक पुदीना और नींबू का शरबत बनाने के लिए सबसे पहले पुदीना को लें और उसे साफ़पानी से अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद एक बाउल में पुदीना अलग रख दें। इसके बाद नींबू को लें और उसे बीच से 2 टुकड़ों में काट लें और उसके बीज निकालकर अलग कर दें और एक कटोरी में नींबू का रस निकाल लें। इसके बाद मिक्सर में पुदीने की पत्तियां, नींबू का रस, चीनी और पानी डालकर ग्राइंड करें।

मिक्सर में इस मिश्रण को इतना ग्राइंड करें कि मिक्चर महीन हो जाए। इसके बाद शरबत को छान लें और चार गिलास में बराबर मात्रा में डाल दें।

इस तरह आपका स्वादिष्ट नींबू का शरबत बनकर तैयार हो गया है। सर्व करने से पहले नींबू शरबत में एक-एक आइस क्यूब डाल दें। आप चाहें तो शरबत में ज्यादा आइस क्यूब्स भी डाल सकते हैं। इसके बाद हर गिलास में थोड़ा-थोड़ा जीरा पाउडर डालकर चम्मच से घोलें। जो भी इस शरबत को पिएगा उसके शरीर में ठंडक घुल जाएगी और वह दिनभर ताजगी महसूस करेगा।

# पहली बार जिम जा रहे हैं? अपने बैग में इन चीजों को जरूर रखें

अगर आपने हाल ही में कोई जिम ज्वाइन किया है तो आपको बता दें कि इसके लिए आपको एक बैग तैयार करना होगा। हालांकि, अगर आप इस बात से वाकिफनहीं है कि जिम के बैग में किन-किन चीजों को रखना जरूरी है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज का लेख आपके लिए ही है। आइए जानते हैं कि जिम के बैग में किन चीजों को रखना जरूरी होता है।

अच्छी फिटिंग वाले कपड़े

वर्कआउट चाहें जिम में हो या घर पर, इसमें कपड़े बेहद ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं और कपड़े सही होने पर ही अच्छे से वर्कआउट किया जा सकता है। इसलिए आपके जिम वाले बैग में एक जोड़ी कपड़े जरूरी होने चाहिए। इसके लिए आप स्ट्रेचेबल पैंट और टॉप का चयन कर सकते हैं। वैसे पॉलीप्रोपाइलीन युक्त कपड़े जिम वर्कआउट के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं क्योंकि यह त्वचा के पसीने को जल्दी सोख लेता है।

एक तौलिया सेट

वर्कआउट सेशन के बीच में पसीने को पोंछने के लिए तौलिए की जरूरत पड़ेगी, इसलिए इसे भी अपने जिम के बैग में जरूर रखें। ध्यान रखें कि बैग में एक बड़ा तौलिया और एक या दो छोटे तौलिए रखने हैं। अगर आप वर्कआउट के बाद स्टीम रूम में जाते हैं तो उस समय बड़ा तौलिया आपके काम आएगा। हालांकि, तौलिए का इस्तेमाल करते समय इसे त्वचा पर रगड़े नहीं बल्कि हल्के हाथों से थपथपाएं।

एक जोड़ी जूते

वर्कआउट के लिए जिम के बैग में जूते रखते समय इस बात का ध्यान रखें कि वे आपके पैर की सबसे बड़ी उंगली और जूतों में हमेशा आधे से एक इंच का अंतर होना चाहिए ताकि इन्हें पहनने पर पैरों में लडखड़ाहट न हो। दरअसल, चलते या दौड़ते समय हमारे पैर का पंजा आगे की ओर मुड़ता है और इसी कारण हमें जूते के भीतर कुछ अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता होती है।

पानी की बोतल है जरूरी

जिम के बैग में एक पानी की बोतल जरूर रखें क्योंकि वर्कआउट करने से अत्यधिक पसीना आता है जिसके कारण आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए खुद को हाइड्रेट रखना जरूरी है। इसके लिए अपने पास पानी की बोतल रखें ताकि प्यास लगने पर आपको हर बार वाटर कूलर की ओर न भागना पड़े। बेहतर होगा कि आप अपने वर्कआउट सत्र के दौरान हर 10-20 मिनट में एक से दो घूंट पानी की पिएं।

## शब्द सामर्थ्य -080


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के लिए रवाना हुई आलिया भट्ट

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट अब अपने कदम हॉलीवुड में रखने जा रही है। इस साल भारतीय सिनेमा में एक दशक पूरा करने वाली भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के लिए एक सेल्फी पोस्ट करते हुए और अपनी आगामी हॉलीवुड फिल्म के अपडेट साझा किए। आलिया ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मैं अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग के लिए तैयार हूँ ! मैं एक बार फिर से एक न्यूकमर की तरह महसूस कर रहीं हूं साथ ही साथ बहुत नर्वस भी ! विश मी लक।



यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। फिल्म का जौनर थ्रिलर है। फिल्म में वंडर वुमन च्स्टार गैल गैडोट और बेलफ़ास्ट स्टार जेमी डोर्नन भी हैं। ग्रेग रूका और एलीसन श्रोएडर द्वारा लिखित फिल्म च्हार्ट ऑफस्टोनज् को टॉम हार्पर द्वारा निर्देशित किया जाएगा। फिलहाल अभी यह पता नहीं चल पाया है कि आलिया भट्ट फिल्म की शूटिंग के लिए कहां जा रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म राचेल स्टोन (गैडोट) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक इन्टेलिजंस ऑपरेटिव है। आलिया के रोल को फिलहाल गुप्त रखा गया है। फिल्म का निर्माण स्काईडांस के डेविड एलिसन, डाना गोल्डबर्ग और डॉन ग्रेंजर द्वारा मॉकिंगबर्ड के बोनी कर्टिस और जूली लिन और गैडोट और जेरोन वर्सानो के पायलट वेव बैनर के साथ किया गया है। इससे पहले आलियी की पिछली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी थी। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी।

आलिया की नर्वसनेस को दूर करते हुए उनकी मां सोनी राजदान ने कमेंट कर लिखा, पूरी दुनिया में आप को शुभकामनाएं. इसके तुरंत बाद, उनकी भाभी रिद्धिमा कपूर ने भी उन्हें दिल से इमोटिकॉन के साथ वी लव यू कहते हुए बधाई दी. उनकी सौतेली बहन पूजा भट्ट ने भी कमेंट कर लिखा, जीवन अब वह संभव कर रहा है, जो बिल्कुल अपरिहार्य था ! विश्व आपका खेल का मैदान है ! और आप और भी अधिक चकाचौंध करेंगे ! बहुत गर्व !. अर्जुन कपूर ने उन्हें च्अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ीज् कहा.

# एफ3 के ट्रेलर में मेरा किरदार नहीं दिखाने के पीछे एक कारण है:सोनल चौहान

सोनल चौहान आगामी फिल्म एफ3 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनका मानना है कि कुछ दिनों पहले रिलीज हुए ट्रेलर में जानबूझकर उनके किरदार को नहीं दिखाया गया है। अभिनेत्री ने एफ3 में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, कहा कि एक कारण है कि ट्रेलर में मेरे चरित्र का कोई उल्लेख नहीं है। यह एक ऐसी भूमिका है जो आपको विचलित कर देगी। मेरे चरित्र में एक ट्विस्ट है। इसीलिए ट्रेलर में मेरे किरदार का नेचर छिपा है। मुझे विश्वास है कि मेरा किरदार दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। फुल-लेंथ कॉमेडी के साथ भूमिका निभाने की कोशिश करने के बाद, सोनल ने उल्लेख किया कि लोगों को हंसाना कोई मजाक नहीं है।

सोनल ने कहा कि यह मेरी पहली प्रमुख कॉमेडी भूमिका है। पूरी तरह से मनोरंजक भूमिका निभाना मुश्किल था। कॉमेडी के साथ मनोरंजन करने में सक्षम होना कोई मजाक नहीं है। सोनल ने यह भी उल्लेख किया कि यह मेरी पहली कॉमेडी भूमिका है, मैं थोड़ा घबराई हुई थी। शूटिंग शुरू करने से पहले, मैंने निर्देशक से पूछा कि क्या मुझे कुछ कॉमेडी देखनी चाहिए। उन्होंने मुझसे कहा कि आराम करो और बिना कोई होमवर्क किए सेट में प्रवेश करो। सोनल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि मेरे किरदार से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। वेंकटेश और वरुण तेज अभिनीत अनिल रविपुडी के निर्देशन में बनी फिल्म एफ3 27 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मुग्धा के साथ रहना घर से दूर घर में रहने जैसा: अपर्णा मिश्रा

कुमकुम भाग्य की अभिनेत्री अपर्णा मिश्रा ने शो के सेट पर सह-अभिनेता मुग्धा चापेकर के साथ अपनी बॉन्डिंग को लेकर खुलकर बात की। अपर्णा ने यह भी बताया कि कैसे वह मुग्धा पर खुद से ज्यादा भरोसा करती हैं।

जैसा कि अपर्णा कहा कि, मुग्धा के साथ रहना घर से दूर घर में रहने जैसा है। हम तीन साल से अधिक समय से एक साथ शूटिंग कर रहे हैं और अब, हम बहनों की तरह हैं। वास्तव में, आप कह सकते हैं कि मुग्धा और मैं कुमकुम भाग्य के सौजन्य से वास्तविक जीवन की बहनों में बदल गए हैं। एक साथ खाने से लेकर फिल्में देखने और एक-दूसरे को सरप्राइज देने तक, हम एक साथ समय बिताना पसंद करते हैं। हम वास्तव में एक अजीब संबंध भी साझा करते हैं, जहां एक दूसरे को बताए बिना हम अनुमान लगा सकते हैं कि एक दूसरे के दिमाग में क्या है। मैं पूरी तरह से अपने सभी रहस्यों के साथ उन पर भरोसा करती हूं, यहां तक कि खुद से भी ज्यादा और वह मुझे एक छोटी बहन की तरह प्यार करती है। यह वास्तव में प्राची और शाहाना के रूप में हमारे द्वारा साझा किए गए बंधन के समान है, इसलिए यह इसे और भी खास बनाता है। कुमकुम भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# सात म्यूजिक वीडियो कर चुकीं है न्यारा बनर्जी

अभिनेत्री न्यारा बनर्जी का कहना है कि हर कोई जिसने कभी टूटे हुए दिल को पाला है, वह उनके इस नए संगीत वीडियो से जुड़ जाएगा।

अभिनेत्री जल्द ही अभिनेता गौतम गुलाटी के साथ एक नए गाने जाना है तो जा में दिखाई देंगी और यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हैं कि उनके प्रशंसक इस नंबर पर क्या प्रतिक्रिया देंगे। वह कहती हैं-अब तक सात म्यूजिक वीडियो कर चुकीं न्यारा को भरोसा है कि नया वीडियो सभी को पसंद आएगा। जिसका दिल टूट गया है वह इस नंबर से अपने आप को जोड़ पाएगा।

लोगों के दिल और दिमाग के बीच अक्सर संघर्ष होता है। दिल उस व्यक्ति को चाहता है लेकिन दिमाग एक अहंकार का खेल खेलता है, और ठीक यही हम इस गाने में दिखा रहे हैं,। इस नंबर के लिए एक्ट्रेस ने गोवा में शूटिंग की। गौतम के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं- मैंने पहले भी गौतम के साथ काम किया है। उनके साथ फिर से



काम करके खुशी हुई। संगीत वीडियो का युग वापस आ गया है, अभिनेत्री ने कहा- आजकल संगीत एक चिकित्सा बन रहा है और यह लोकप्रिय होने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। हर कोई इन नंबरों से अच्छी तरह से जुडने् में सक्षम है।

# बॉलीवुड फिल्मों में काम करना चाहती हैं खुशबू खान

आखिरी बार म्यूजिक वीडियो मेरी बंदी में नजर आ चुकीं अभिनेत्री खुशबू खान फिक्शन जॉनर में अभिनय करने को लेकर उत्साहित हैं।

वह कहती हैं- मेरे आखिरी गाने की बड़ी सफलता के बाद। मेरे दर्शक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेरी सराहना कर रहे हैं और यह मुझे आगे अभिनय करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। अगर मुझे कोई अच्छा मौका मिलता है तो मैं बॉलीवुड फिल्मों या वेब सीरीज में अभिनय करने की उम्मीद कर रही हूं। इस बीच मैं संगीत वीडियो में भी अभिनय कर रही हूं।

खुशबू ने आगे खुलासा किया कि कैसे सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग ने उन्हें अभिनय शुरू करने में मदद की।

वह आगे कहती हैं- किसी भी अन्य



लडकी की तरह, मैं खुद को क्लिक करने के लिए बहुत उत्साहित हूं और मुझे लगता है कि मुझे अपने सोशल मीडिया परिवार से जो प्यार मिला है, वह बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक है।

वे अभिनय की चुनौतियों का सामना करने और आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उस तक पहुंचने में मेरा समर्थन करती हूं। मैं बस अपने दर्शकों का मनोरंजन करना चाहती हूं।

# 3 जून को सिनेमाघरों में तीन बड़ी फिल्मों में होगी टक्कर

सिनेमाघरों में खोई रौनक वापस आ गई है। लोग फिल्में देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख करने लगे हैं। कोरोना वायरस के कारण जिन फिल्मों का प्रोजेक्ट बाधित हुआ था, उनपर तेजी से काम चल रहा है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक कई फिल्में रिलीज होंगी। 3 जून को पर्दे पर तीन बड़ी फिल्में रिलीज होंगी और उनके बीच जबरदस्त टक्कर होगा। आइए उन फिल्मों पर डालते हैं एक नजर।

अक्षय कुमार की पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज 3 जून को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें वह महान योद्धा पृथ्वीराज चौहान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के जरिए पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में कदम रखेंगी। संजय दत्त और सोनू सूद भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म का महामुकाबला अदिवी शेष की मेजर और कमल हासन की विक्रम से होने वाला है। ये दोनों फिल्में भी 3 जून को दर्शकों से मुखातिब होंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म पृथ्वीराज के लिए 50,000 से अधिक कॉस्टयूम्स बनाए थे। इतना ही नहीं, फिल्म की शूटिंग के दौरान अलग-अलग तरह की 500 पगडियों का भी इस्तेमाल किया गया। यही वजह है कि फिल्म से अक्षय के लुक को सराहा गया।

मेजर शहीद संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर बनने वाली फिल्म है। अभिनेता अदिवी पर्दे पर संदीप का किरदार निभाते हुए दिखेंगे। 3 जून को यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस के महामुकाबले में शामिल होगी। मेजर संदीप एक एनएसजी कमांडो थे, जो 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। उन्होंने ताज होटल में बंधक बनाए गए लोगों को बचाने के लिए अपनी शहादत दे दी थी। इसलिए इस फिल्म के प्रति लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

हाल में हिंदी बेल्ट में दक्षिण भारतीय फिल्मों का बोलबाला रहा है। अब एक और साउथ फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है। साउथ सुपरस्टार कमल हासन की विक्रम भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी जोर-आजमाइश करती दिखेगी। खास बात यह है कि यह फिल्म दक्षिण भारतीय भाषा के अलावा हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसे में यह फिल्म पृथ्वीराज और मेजर के समक्ष कड़ी चुनौती पेश करेगी। इसमें अभिनेता सूर्या कैमियो की भूमिका में नजर आएंगे।

बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों में क्लैश होती रहती हैं। ये अलग बात है कि मेकर्स हमेशा क्लैश से बचना चाहते हैं। जब बड़े बैनर की फिल्मों में टक्कर होती है, तो दर्शक बंट जाते हैं। इससे प्रोड्यूसर को नुकसान उठाना पड़ता है। जब कोई फिल्म खाली स्लॉट में रिलीज होती है, तो दर्शकों के पास कम विकल्प होता है। आमतौर पर जब अधिक फिल्मों में क्लैश होता है, तो अच्छे कंटेंट वाली फिल्म बाजी मार लेती है।

# पहले पशु, तब मनुष्य!

हरिशंकर व्यास

स्तनपायी प्राणियों के होमो, होमिनिड, वनमानुष, चिम्पांजी, प्राइमेट्स वंशजों की खोपड़ी और दिमाग में पशु जीन की प्रवृतियां होती है। इनके अलग-अलग इवोल्यूशन से मनुष्य आदिम, आदिवासी, अर्द्ध, व पूर्ण विकास की विविधताओँ की स्मृतियां समेटे हुए है। वनमानुष वंशजों की खोपड़ी की नंबर एक खूबी दिमाग में स्मृति का संचयन है। इसी से मनुष्य अस्तित्व, पहचान, प्रकृति, भिन्नताओं का प्रकटीकरण है। जू मेमोरी, अतीत और इतिहास बोध ही मनुष्य को पशुओं से भिन्नता है। उसका मनुष्य होना मेमोरी से है।

प्रलय का मुहाना- 14रू कल्पना करें अंतरिक्ष में कही कोई जीव टेलिस्कोप से पृथ्वी को देखे तो धरातल पर पशुओं और आठ अरब लोगों की भिन्नता क्या बायोमास में दिखेगी? नहीं। जैविक जीव जगत एक कैनवस है। इसमें मनुष्य भी बाकि जीव-जंतुओं का हिस्सा है। पृथ्वी का जीव जगत बायोमास मुश्किल से ढाई प्रतिशत है। इनमें मनुष्य बायोमास सिर्फ०.०१ प्रतिशत। सोचे, पृथ्वी के जैविक वजूद में आठ अरब मनुष्यों का हिस्सा महज ०.०१ प्रतिशत। तो पहली बात, ब्रहाण्ड में पृथ्वी एक किंगडम एनिमिया है। इसमें मानव भले अपने को श्रेष्ठ, पृथक-विशिष्ट प्राणी समझे मगर असलियत में वह 87 लाख किस्म के जीव-जंतुओं के बायोमास में एक जीव है। उसकी वनमानुष प्रजातियां बाकि पशुओं से कुछ स्मार्ट है लेकिन उससे उलटे वह आत्मसंहारक, पृथ्वी संहारक बनी है।

मनुष्य का दिमाग पशुगत प्रवृतियों, पशुगत जिनोमी लिए हुए है। बावजूद इसके वह अपने को बुद्धीमान समझता है। असलियत में वह पशु-मनुष्य की स्प्लिट पर्सनल्टी है। इसमें पहले पशुगत जैविक रचना है। फिर बेसुध बनाम सुध, जंगली बनाम सभ्य, भयाकुल बनाम निडर का विभाजित व्यक्तित्व, नरसिंह अवतार हैं। वह विकास है तो विनाश भी है। बहुसंख्यक मनुष्यों की रियलिटी कैटल क्लास, वनमानुष की जिंदगी है। मगर वह ज्ञानी मानुष, होमो सेपियन होने के इलहाम में जीता है।

मेमोरी और अल्जाइमर

जीव जगत दो हिस्सों में विभाजित (इनवर्टिब्रेट बनाम वर्टिब्रेट, अस्थिमान-बिनाअस्थिमान) है। इसके इनवर्टिब्रेट रुप के मैमल याकि स्तनपायी प्राणियों में होमो, होमिनिड, वनमानुष, चिम्पांजी, प्राइमेट्स वंशज खोपड़ी और दिमाग में पशु जीन की प्रवृतियां लिए हुए है। इसी से मनुष्य दिमाग अलग धड़कता है। प्रवृतियों के अलग-अलग इवोल्यूशन से मनुष्य आदिम, आदिवासी, अर्द्ध, व पूर्ण विकास की विविधताओँ की स्मृतियां समेटे हुए है। वनमानुष वंशजों की खोपड़ी की नंबर एक खूबी दिमाग में स्मृति का संचयन है। इसी से मनुष्य अस्तित्व, पहचान, प्रकृति, भिन्नताओं का प्रकटीकरण है। स्मृति याकि मेमोरी। यही वजह है जिससे 87 लाख किस्म के जीव-जंतुओं के बीच मनुष्य मष्तिष्क अलग तरह से काम करता है। मनुष्य, मनुष्य होता है।

कभी गौर करें अल्जाइमर से ग्रस्त, स्मृति विहीन रोगी व्यक्ति पर। वह बिना मेमोरी के बिना सुध के होता है। उसका जैविक शरीर न मानुष है और न वनमानुष। शरीर मानो खाली खोका। वह अनुभव, समझ, चेतना में पूरी तरह शून्य, खाली। उसका नश्वर शरीर अचेतन पशु की तरह। एक स्वस्थ, प्रज्ञावान मनुष्य को बुढ़ापे में जब अल्जाइमर का रोग होता है तो दिमाग की मेमोरी धीरे-धीरे विलुप्त होते हुए अंत में पूरी तरह दिमाग में ऐसे खत्म होती है मानों इंद्रियों की चेतना खत्म। अल्जाइमर का रोगी खाने-पीने- चलने-बूझने, पहचानने आदि सभी में असमर्थ होता है। यह सत्य सबूत है कि मेमोरी, अतीत और इतिहास बोध ही मनुष्य की पशुओं से भिन्नता है। उसका मनुष्य होना मेमोरी से है। मेमोरी के कम-ज्यादा, सही-गलत व परतंत्र-स्वतंत्र व्यवहार के फर्क से ही अर्द्ध मानुष, पूर्ण ज्ञानी मानुष की अवस्था और व्यवहार है।

सारा खेल स्मृति का है। उसके संचयन का है! मेमोरी की ड्राइव, संचयक मनुष्य खोपड़ी है। खोपड़ी के दिमाग में उसकी प्रोसेसिंग अवस्थित तंत्रिकाओं, रसायनों से होती है। तब वह गतिमान होती है। सत्य और झूठ में, गंवारपने या समझदारी में जिंदगी का व्यवहार बनता है। मेमोरी के रखरखाव, संचालन की प्रक्रिया का सीपीयू जैविक डीएनए याकि जीन के तानेबाने में गुथा होता है। मोटामोटी तमाम स्तनपायी प्राणियों, मैमल की एक नेसर्गिक, बेसिक जैविक रचना है। इसकी भिन्नताएं अवस्थाओं, परिवेश, इवोल्यूशन से बनी होती है। उन भिन्नताओं को चाहे तो होमिनिड, चिम्पांजी, प्राइमेट्स, वनमानुष, मानुष, होमो, होमो सेपियन, होमो डेयस की नामावली में टैग कर सकते है। स्मार्टनेस की पहचान बना सकते है। होमिनिड के तमाम वंशजों की खोपड़ी, दिमाग के जेनेटिक सीपीयू की बुनावट के कारण स्मार्टनेस जहां कम-ज्यादा वही परिणाम और रंग-रूप भी अलग-अलग।

इस बात को जीव विज्ञान के इस सत्य में समझे कि फेलिडाए कुल की संताने है शेर, बाघ, चीते, तेंदुएं और बिल्ली। परिस्थितियों, परिवेश के क्रमिक विकास से कुल की संताने अलग-अलग तरह की प्रवृतियों, गुणों, परिवर्तित जीन के साथ है। विज्ञान इसे जान कर अलग-अलग डीएनए के मिक्स से नई बिल्लियां बना चुका है। सो फेलिडाए कुल के शेर, बाघ, चीते, तेंदुएं और बिल्ली जैसे पशु अलग-अलग स्मार्टनेस लिए हुए है तो ऐसे ही वनमानुष कुल की होमो प्रजाति के मनुष्य वंश की स्मार्टनेस, मानसिक विकास में भिन्नता, बायोडायवरसिटी क्यों नहीं होगी? लेकिन विकासवाद के सिद्धांत ने रंग-रूप, कद-काठी, शारीरिक बुनावट में मनुष्य को कॉकेसॉयड, मंगोलॉयड और नीग्रॉयड और फिर इनके भी उपभागों में मनुष्य को बांट विवेचना की है लेकिन मनुष्य प्रजातियों की मेमोरी, प्रवृतियों और मानसिक अवस्था की भिन्नताओं को समझने, उनके वर्गीकरण में में मानवशास्त्र कोताही बरते हुए है।

वनमानुष, मानुष, होमिनिड, होमो सेपियन ने आपादाओं-विपदाओं में जीवन जीते हुए जिज्ञासा, भय, असुरक्षा, भूख व स्वतंत्र-घुमंतू जीवन की वंशानुगत स्मृतियां दिमाग में गहरे पैठा रखी है। ये वंशानुगत ट्रांसफर होती है। इसलिए कुल की प्रजातियों ने बाकि पशुओं के मुकाबले स्मृतियों का विशाल संचयन किया हुआ है और इससे वह सचेतन है। अपना मानना है कि प्राइमेट्स अवस्था में वनमानुषों में जिज्ञासा, भय, असुरक्षा, भूख व स्वतंत्र-घुमंतू जीवन के पांच अनुभव गहरे, स्थाई तौर पर अंकित हुए।

इन्ही पांच अनुभवों के धक्को, उत्प्रेरणाओं, स्मृतियों से मनुष्य प्रजाति का स्वभाव बना। मानसिक विकास हुआ। इन्ही से मनुष्य का विकासवाद और विनासवाद है। इन्ही से गुण-अवगुण व जैविक रचना की मानव बायो भिन्नताएं है। जैविक विकास के अलग-अलग चरण है। संभव है प्राइमेट्स अवस्था में होमो, होमिनिड, होमो सेपियन ने बाकि जानवरों खासकर भेड-बकरी, विविध पक्षियों, सांप, खरगोश, कछुए, शेर, भेडियों आदि के अनुभवों को भी स्मृतियों में समेटा हो। परिवेश से उन जैसा व्यवहार सलेक्ट किया हो। जिनके जेनेटिक परिशोधन ने बुद्धी में चक्रवर्तीय रफ्तार से आयाम बनाए हो।

ये कल्पनाएं नहीं है। बल्कि मानव खोपड़ी की संज्ञानात्मकता, कॉग्निटिवी की प्रक्रिया, जिनेटिक बुनावट के विज्ञान, मनोदशा के मनोवेज्ञानिक रिसर्च के विषय है। मनुष्य की खोपड़ी में स्मृतियों से जो सचंयन हुआ है, उनके प्रभाव और विकास में ही मानव की माया है। आदिमानव का जैविक जीवन मानसिक अनुभवों, परिवेश विविधताओं में अलग-अलग तरह से पकते हुए आगे बढ़ा है। जिज्ञासा, भय, असुरक्षा, भूख से परिवार, समाज, जीवन, लड़ाई आदि के व्यवहार के असंख्य बीज फूटे। जीवन चक्र बने। उनका जन्म-जन्मातंर वंशानुगत संचयन होता गया। स्वभाव-आदत-व्यवहार बना।

## सू- दोकू क्र.080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# भारत पर बेमतलब तोहमत



पहले गेहूं निर्यात को लेकर बड़बोले दावे करने के बाद अचानक निर्यात पर रोक लगा देने के निर्णय पर भारत की विदेशों में जो आलोचना हो रही है, वह भी किसी ठोस तर्क पर आधारित नहीं है।

गेहूं निर्यात के मामले में भारत सरकार ने फ्लिप-फ्लॉप दिखाया, वह एक मुद्दा है, जिस पर देश में जरूर चर्चा की जानी चाहिए। वैसे नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल के कामकाज का अनुभव रखने वाले लोगों को ऐसे फैसलों की आदत पड़ चुकी है। ये धारणा ऐसे ही नहीं बनी है कि वर्तमान सरकार फैसला पहले लेती है और उसके संभावित परिणामों पर सोच-विचार बाद में करती है। बहरहाल, पहले गेहूं निर्यात को लेकर बड़बोले दावे करने के बाद अचानक निर्यात पर रोक लगा देने के निर्णय पर भारत की विदेशों में जो आलोचना हो रही है, वह भी किसी ठोस तर्क पर आधारित नहीं है। पश्चिमी मीडिया का स्वर देखें, तो इस मामले में भारत को खलनायक बनाने की कोशिश उसमें दिखती है। दुनिया में गेहूं की महंगाई के लिए अब रूस के साथ-साथ भारत को भी दोषी ठहराया जा रहा है।

गौरतलब है कि भारत के फैसले की आलोचना जी-7 देशों ने सामूहिक रूप से की। जर्मनी के श्टुटगार्ट में हुई जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद कहा गया कि अगर हर कोई निर्यात पर पाबंदियां लगाना शुरू कर दे या फिर बाजारों को बंद करना शुरू कर दे तो संकट और गहरा जाएगा। मंगलवार को अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक खाद्य सुरक्षा संबंधी बैठक में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने भरोसा जताया कि अमेरिका भारत को ये निर्यात हटाने के लिए तैयार कर लेगा। लेकिन प्रश्न है कि अगर पश्चिमी देशों को दुनिया की खाद्य सुरक्षा की इतनी ही चिंता है, तो वे अपने सुरक्षित भंडार से अनाज का निर्यात क्यों नहीं शुरू कर देते? या फिर यूक्रेन को लगातार हथियार भेजने के बजाय बातचीत की ऐसी प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं करते, जिससे वहां युद्ध खत्म होने की सूरत बने? उन देशों का नजरिया यह लगता है कि उनकी भू-राजनीतिक गणनाओं को पूरा करने की कीमत दूसरे देश उठाएं। क्या भारत की जनता की खाद्य सुरक्षा की सबसे पहले चिंता करना भारत सरकार का फर्ज नहीं है? जहां तक इस निर्णय से किसानों को नुकसान होने का मुद्दा है, उस पर अलग से चर्चा हो सकती है। लेकिन वह देश के अंदर का मुद्दा है।(आरएनएस)

# जूनियर एनटीआर की नई फिल्म के लिए अभिनेत्री की तलाश जारी

साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म एनटीआर ३० से फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी हो गया है। अब इस फिल्म की कहानी, कलाकार और दूसरी अन्य चीजों को लेकर चर्चाएं जारी हैं क्योंकि अभी कोई भी अंतिम पुष्टि नहीं हुई है। बहुत सारे नाम सुनने के बाद, अभिनेता के प्रशंसकों ने मान लिया कि निर्देशक कोराताला शिवा एनटीआर के जन्मदिन २० मई को सब कुछ प्रकट करेंगे। हालांकि, ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया है, जिससे प्रशंसकों को निराशा हुई है। फिल्म में एक्ट्रेस के नाम को लेकर आलिया भट्ट का भी नाम सामने आया है परंतु इस बात को लेकर आलिया के तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई। गौरतलब है इससे पहले आरआरआर में आलिया और एनटीआर साथ में काम कर चुके हैं। निमार्ता अनिश्चित हैं कि क्या गंगूबाई काठियावाड़ी की अभिनेत्री आलिया अभी भी जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए उपलब्ध है, क्योंकि एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर से शादी के बाद एक संक्षिप्त ब्रेक लिया है। एक वक्त पर फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर साईं पल्लवी के नाम की भी अफवाहें थीं। लेकिन प्रोडक्शन कंपनी के किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की, जिससे जूनियर एनटीआर के प्रशंसक चिंतित हो गए कि एनटीआर ३० में महिला प्रधान की भूमिका कौन निभाएगा।

# एफडी हडपने पर बैंक प्रबंधक सहित दो लोगों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। एफ डी हडपने के मामले में न्यायालय के आदेश पर बैंक प्रबंधक सहित दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरण्य विहार धर्मपुर निवासी राजेश राणा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता हरिसिंह राणा पी एम जी एस वाई उत्तरकाशी में ठेकेदारी का कार्य करते थे तथा वहाँ पर उसके पिता की एक एफ०डी० पीएमजीएसवाई उत्तरकाशी के नाम बन्धक थी। जो कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा रेसकोर्स देहरादून के यहाँ से बनी थी। उसके पिता की मृत्यु 23 अगस्त 2018 को हो गयी थीं। उसने अपने पिता की मृत्यु के बाद जब एफडी के लिए बैंक से सम्पर्क किया तो बैंक प्रबंधक द्वारा बताया गया कि उनकी एफडी को संजय सहगल पुत्र एएल सहगल निवासी रेसकोर्स के द्वारा कैश करा लिया गया है। उसने कहा कि उसने इसकी शिकायत डालनवाला पुलिस से भी की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं कि तथा उसके साथ बैंक प्रबंधक ने संजय सहगल के साथ मिलकर धोखाधडी की है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर आयुक्त के व्यक्तिग नम्बर का डुप्लीकेट तैयार कर भेजे मैसेज

संवाददाता

देहरादून। नगर निगम के नगर आयुक्त मनुज गोयल के व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर का डुप्लीकेट (प्रतिरूपण) तैयार कर विभागीय अधिकारियों को व्हटसएप मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के सहायक आयुक्त नन्दा बल्लभ ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वेद प्रकाश वधानी सहायक अभियन्ता नगर निगम देहरादून द्वारा 18 मई को तथा उसी दिन विनय प्रताप सिंह कर एवं राजस्व अधीक्षक भूमि नगर निगम देहरादून द्वारा पत्र लिखकर अपने मोबाईल फोन का स्क्रीनशाट का प्रिन्ट संलग्न करते हुए अवगत कराया गया है कि मनुज गोयल नगर आयुक्त के व्यक्तिगत मोबाईल से उनको लगातार व्हटसएप पर मैसेज किये जा रहे है, जबकि नगर आयुक्त द्वारा उनको कोई व्हटसएप मैसेज नहीं किये गये है। जिससे स्पष्ट है कि किसी व्यक्ति द्वारा नगर आयुक्त के व्यक्तिगत नम्बर का डुप्लीकेट तैयार (प्रतिरूपण) कर अपराध किया जा रहा है जो कि गम्भीर अपराध की श्रेणी में है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पहले दुष्कर्म, फिर दिया शादी करने का झांसा

संवाददाता

देहरादून। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती को बेहोश कर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद शादी करने का झांसा दिया और बाद में गाली गलौच कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर घर से भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपनगर निवासी युवती ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी जान पहचान पूर्व से शैलेन्द्र थपलियाल पुत्र सुबोध कुमार थपलियाल निवासी लक्ष्मीपुरम, तुनवाला से थी । शैलेन्द्र उसके निवास स्थान पर आता जाता था, वर्ष 2019 दिसम्बर माह मे शैलेन्द्र उसके निवास स्थान पर आया,वह घर पर अकेली थी। शैलेन्द्र अपने साथ कोलड्रिंक व चिप्स भी लेकर आया था, शैलेन्द्र ने वह कोलड्रिंक उसको पीने को दी, जब उसने शैलेन्द्र को पीने को कहा तो शैलेन्द्र ने कहा कि वह अभी आफिस से चाय पीकर आया है। कोल्डड्रिक पीते ही वह बेहोश हो गयी। जब उसको होश आया तो वह अपने बैडरूम में नग्न अवस्था में थी तथा उसके बगल में शैलेन्द्र लेटा हुआ था। शैलेन्द्र ने उससे कहा कि वह उससे शादी कर लेगा इस बारे में किसी से बताना नहीं। वह शादी का झांसा देकर उसके साथ आये दिन शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा था। उसने उसको बताया कि वह गर्भवति हो गयी है तो उसने ऑबर्शन कराने के लिए कहा लेकिन डाक्टर ने मना कर दिया। उसको ज्ञात हुआ है कि अप्रैल माह में शैलेन्द्र ने शादी कर ली है। जब वह उसके घर की गयी तो शैलेन्द्र व उसके परिवार वालों ने उसके साथ मारपीट का जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मस्जिद पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में पथराव, दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मस्जिद पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हो रहे विवाद के दौरान पथराव हो गया। पथराव की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं अन्य की तलाश शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि मस्जिद वाली गली बहादराबाद मे दो पक्ष बरेलवी व देवबंदी मे मस्जिद को लेकर झगडा हो रहा है, जिसमे दोनों पक्षो द्वारा एक दूसरे पर पथराव किया जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुचकर झगडा कर रहे दोनो पक्षो के दो लोगो को शांति भंग की धाराओं मे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से दोनो पक्षो के अन्य लोग फरार हो गये, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार अब तक 18 लोगों को चिन्हित कर कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पाबंद करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम इखलॉख पुत्र अख्तर निवासी-बहादराबाद मस्जिद के पास(बरेलवी) व गुलजार पुत्र हाजी जहूरा निवासी बहादराबाद मस्जिद के पास बहारादबाद (देवबंदी) बताया जा रहा है।

## एसएमएस जॉब के नाम पर ठगे 68 हजार रूपये

देहरादून (सं)। एसएमएस जॉब के नाम पर 68 हजार रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पण्डिवाडी निवासी हरीष चन्द सबरवाल ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने एसएमएस जॉब का विज्ञापन पडा तो उसमें दिये नम्बर से सम्पर्क किया। नम्बर पर हर्षक नाम युवक ने बात हुई। हर्षक के आश्वासन पर उसने रजिस्ट्रेशन के लिए आठ हजार एक व साठ हजार एक बैंक में जमा कराये। उसने आश्वासन दिया कि जल्द उसके पते पर एप्पल का मोबाइल फोन आयेगा तथा उसी से एसएमस का कार्य शुरू होगा। लेकिन ना तो फोन आया और ना ही उसके रूपये वापस मिले। उसके साथ धोखाध डी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मन की बाद सुनने के लिए महिला मोर्चा ने की समीक्षा बैठक

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 29 मई को मन की बात सुनने व पांच मई को केन्द्र के आठ वर्ष पूरे होने पर सरकारी की कल्याणकारी नीतियों को जनता पहुंचाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने की समीक्षा बैठक।

आज यहां भाजपा महानगर कार्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा कमली भटट के नेतृत्व में एक समीक्षा बैठक ली गई जिसमें कमली भटट ने सभी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठकर सभी को निर्देशित किया की 29 मई रविवार को प्रत्येक मंडल पर महिला मोर्चा द्वारा बूथ स्तर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा 5 जून को केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के तहत जिसमें केंद्र सरकार की सेवा एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न कार्यक्रमों को मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक प्रत्येक व्यक्ति तक जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

इस अवसर पर महामंत्री सुमन सिंह पुष्पा बर्थवाल नैना राणा अंशिता शर्मा अन्नू शर्मा मंडल अध्यक्ष गीता पुरोहित संगीता खन्ना प्रियंका गुसाई तारेश्वरी भंडारी रानी सैनी विमला गॉड निशा शर्मा सरोजिनी गैरोला बबीता रावत लक्ष्मी गुसाई आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# दो लाख के गांजे सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से दो लाख का गांजा बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम एसओजी व थाना सल्ट पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी व सल्ट थाना पुलिस ने क्षेत्र में संयुक्त चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान संयुक्त टीम को ग्राम पेसिया बैण्ड के पास बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। टीम द्वारा जब उन्हे रोककर



तलाशी ली गयी तो उनके पास से एक प्लास्टिक का ड्रम के भीतर रखा गया 13.776 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होने अपना नाम शाहिद व असलम बताया।

पुलिस के अनुसार यह दोनो आरोपी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिलांतर्गत थाना क्षेत्र भगतपुर के गांव बुढ़ानपुर निवासी हैं। जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। बरामद गांजे की कीमत दो लाख रूपये बतायी जा रही है।




## एक नजर

# अफगानिस्तान में दो अलग-अलग विस्फोटों में हुई 14 लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल की मस्जिद के भीतर एक जोरदार विस्फोट हुआ जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा देश के उत्तर में तीन मिनी वैन में हुए बम विस्फोटों में नौ लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि, मिनी वैन में हुए विस्फोटों की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबद्ध एक स्थानीय समूह ने ली है। इसके अलावा काबुल इमरजेंसी हॉस्पिटल ने बताया कि मस्जिद में बमबारी के कारण घायल हुए २२ लोग अस्पताल लाए गए, जिनमें से पांच की मौत हो गई। काबुल में तालिबान पुलिस के एक प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि पुलिस डिस्ट्रिक्ट ४ की हजरत जकारिया मस्जिद में हुए विस्फोट के बारे में अभी और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। जदरान ने कहा, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग शाम की नमाज के लिए एकत्र हुए थे। इस बीच, बाल्ख प्रांत में तालिबान के प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि, मजार–ए–शरीफ शहर में तीन मिनीवैन को निशाना बनाया गया और उनमें विस्फोटक उपकरण रखे गए।



# विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के नए उप राज्यपाल के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बेंजल ने कुछ ही दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था जिसके चलते राजधानी में नए इस सीट के लिए नए उम्मीदवार के लिए चर्चा हो रही थी उसी समय विनय कुमार सक्सेना को नया उपराज्यपाल बनाने के लिए इनका नाम घोषित किया गया था । आज के दिन यानि बृहस्तिवार को सक्सेना ने नए उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ले ली हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांधी ने विनय कुमार को इस पद के लिए गोपनीयता की शपथ दिलाई । जानकारी के मुताबिक यह राजधानी के २२ वे उपराज्यपाल होंगे। दिल्ली के नए उपराज्यपाल विवेक कुमार सक्सेना को शपथ दिलाने के लिए राजधानी के मुख्यमंत्री समेत कई नेता भी मौजूद रहे। इसमें अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली से सांसद एवं विधायक और शहर की सरकार के शीर्ष नौकरशाह समारोह में शामिल हुए।



# जोजिला दर्रे के पास 400 फीट गहरी खाई में गिरी टैक्सी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के जोजीला दर्रे के पास एक टैक्सी के गहरी खाई में गिर जाने से कई लोगों की मौत होने की आशंका बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह घटना मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनामर्ग में घटी है। जानकारी के मुताबिक, जोजिला दर्रे के पास टैक्सी के गहरी खाई में गिर जाने से आठ लोगों के अभी तक मरने की आशंका जताई जा रही है। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने गुरूवार को दी है। एक अधिकारी ने बताया कि करगिल से सोनामर्ग की ओर जा रही तवेरा कार सड़क से फिसल गई और जोजिला दर्रे पर मंदिर मोड़ पर ४०० फीट गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि पुलिस, सेना के जवान और स्थानीय नागरिक हादसे का शिकार हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने बताया कि ये हादसा श्रीनगर–लेह नेशनल हाइवे पर हुआ है। उनके अनुसार, बीती रात सवारियों से भरी एक टैक्सी खाई में गिर गई है। इसकी जानकारी मिलते ही मौकी पर पंहुची पुलिस ने एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले गए है। आपको बता दें कि जोजिला दर्रे की समुद्र तल से ऊंचाई करीब ३४०० मीटर है जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह हादसा काफी दर्दनाक हो सकता है। इस घटना की आगे जांच हो रही है।



# टिहरी परियोजना से मिलने वाली रॉयल्टी 50 फीसदी की जाये: किशोर

विशेष संवाददाता

देहरादून। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री राजकुमार सिंह को पत्र लिखकर टिहरी बांध विस्थापितों की सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि टिहरी बांध परियोजना से राज्य को मिलने वाली रॉयल्टी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए जिससे क्षेत्र वासियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

अपने 11 सूत्रीय मांग–पत्र के साथ केंद्रीय मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि टिहरी बांध परियोजना के प्रभावितों को इसके लिए अपना घर–बार, कारोबार और खेती–किसानी से लेकर सब कुछ खोना पड़ा है। टिहरी बांध के विस्थापित अभी भी तमाम तरह की आर्थिक कारोबारी और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। विस्थापन के बावजूद भी उनके पास न तो जीवन यापन के बेहतर संसाधन उपलब्ध है न शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी अहम और आधारभूत सुविधाएं हैं।



**❑किशोर उपाध्याय ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र**

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि वह राज्य को इस परियोजना के एवज में मिलने वाली 12.5 प्रतिशत रॉयल्टी को बढ़ाकर 50 फीसदी करने की मांग की है। क्षेत्र में रोजगार और कारोबार में क्षेत्रवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि टिहरी झील में विकसित होने वाले रोजगार के अवसरों में प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाए तथा टिहरी क्षेत्र के ओबीसी वर्ग को उसका लाभ मिल सके यह सुनिश्चित किया जाए।

उनका कहना है कि टिहरी बांध प्रभावितों के हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार उनकी मांगों पर गौर करेगी और क्षेत्र वासियों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देगी। उनकी मांग है कि क्षेत्रवासियों को आधारभूत सुविधाएं मिल सकें और उनका जीवन आसान हो सके। इसलिए प्रभावितों को मदद की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है।

# महिला मित्र से विवाद को अपहरण का बता दौडाया पुलिस को

संवाददाता

देहरादून। महिला मित्र से कार के अन्दर मारपीट करने के मामले को अपहरण का बता पुलिस को पूरी रात दौडा दिया। पुलिस ने कार बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया।

उल्लेखनीय है कि गत रात्रि एक बेलोरो कार से युवती के अपहरण की सूचना मिलने से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया। पुलिस ने पूरे शहर में चैकिंग अभियान चलाया इस दौरान वाहन को रोकने का भी प्रयास किया लेकिन वाहन चालक ने पुलिस वालों पर भी वाहन चढाने का प्रयास करते हुए वाहन तेजी से भगा ले गया। देर रात पुलिस ने वाहन के नम्बर से वाहन स्वामी का पता लगा लिया। वाहन आईएसबीटी के पास रहने वाले पूर्व फौजी का था। वाहन स्वामी से पुलिस ने सम्पर्क किया तो उसने बताया कि उसका वाहन उसका चालक कौलागढ निवासी हिमांशु पुत्र विजय कुमार चला रहा है।

**❑पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार**

देर रात्रि पुलिस ने वाहन को कौलागढ क्षेत्र से बरामद कर लिया। पुलिस अध ीक्षक नगर सरिता डोभाल ने फोन पर बताया कि मामला अपहरण का नहीं था। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि नेशविला रोड पर खडे एक बुलेरो कार में महिला पुरूष बैठे थे तथा चालक द्वारा महिला के साथ मारपीट की जा रही थी जिसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी। वहीं धारा चौकी प्रभारी मिथुन कुमार ने बताया कि चालक रात्रि में शायद शराब पीये हुए था तथा पुलिस के रोकने पर डर के कारण वह वाहन को तेजी से भगा ले गया आज पुलिस ने उसको अपने पास बुलाया तो उसने बताया कि वह डर गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवक की हत्या से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



हमारे संवाददाता

नैनीताल। हल्द्वानी में लालडांट रोड स्थित प्राइमरी स्कूल के पास आज सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। युवक के शरीर पर गम्भीर चोटों के निशान है जिससे उसकी हत्या किये जाने की आंशका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना मुखानी पुलिस को सूचना मिली कि लालडांटा रोड स्थित प्राईमरी स्कूल के समीप एक युवक का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक युवक की पहचान लालडांटा निवासी कुणाल बिष्ट के रूप में की गयी है वहीं स्थानीय लोगों से बातचीत से पता चला है कि कुणाल बिष्ट आसपास होने वाले छोटे–मोटे झगड़ों को निपटाने में लगा रहता था।

परिजनों ने पूछताछ में बताया कि कुणाल बुधवार रात नौ बजे घर से निकला था जो वापस नहीं लौटा। आज सुबह उसका शव एक खेत में देखा गया है। पुलिस के अनुसार मृतक युवक पर डेढ़ साल पहले फायर करने पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना स्थल पर सोडा व बियर की बोतल भी मिली है इससे प्रतीत होता है कि हत्या से पहले सभी ने साथ मिलकर शराब पी होगी। बहरहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## चोरों ने मकान का ताला तोडकर हजारों की नगदी उडायी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भागीरथी एन्क्लेव नत्थनपुर निवासी रितिक रावत ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 22 मई को वह परिवार के साथ दिल्ली गए हुए थे । आज जब वापस आए तो देखा कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उनके घर से सात हजार रूपये नगद व सामान चोरी करके ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*